JOHN MUIR HEALTH

# अप्रत्याशित चिकित्सा बिलों के विरुद्ध आपके अधिकार और संरक्षण

*1/1/2022 से प्रभावी*

आपात परिचर्या अथवा किसी नेटवर्क-बाह्य प्रदाता से नेटवर्क-अंतर्गत सुविधा, जिसमें अस्पताल अथवा औषधालय शल्यक्रिया केन्द्र (अंबुलेटरी सर्जिकल सेंटर) शामिल है, पर उपचार प्राप्त करने पर आप बकाया बिलिंग से सुरक्षित हैं। इन स्थितियों में, आपसे आपकी योजना के सह-भुगतानों, सह-बीमा और / अथवा कटौतियों से अधिक प्रभार नहीं लिया जाएगा।

## “बकाया बिलिंग” (कभी-कभी इसे “अप्रत्याशित बिलिंग” भी कहा जाता है) क्या है?

जब आप किसी चिकित्सक से अथवा अन्य स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से उपचार लेते हैं, आपके ऊपर कतिपय स्वयं-देय लागत, जैसे कोई सह-भुगतान, सह-बीमा, अथवा कटौती की देनदारी हो सकती है। यदि आप अपने स्वास्थ्य योजना नेटवर्क से बाहर किसी प्रदाता से अथवा स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा से उपचार लेते हैं, आपको अतिरिक्त लागतों अथवा पूरे बिल का भुगतान करना पड़ सकता है।

“नेटवर्क-बाह्य” का तात्पर्य है ऐसे प्रदाता और सुविधाएं जिन्होंने सेवाएं देने के लिए आपकी स्वास्थ्य योजना के साथ करार नहीं किया है। नेटवर्क-बाह्य प्रदाताओं को किसी सेवा के लिए आपकी योजना द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि और प्रभारित पूरी राशि के बीच की अंतर राशि का भुगतान आपसे लेने की अनुमति दी जा सकती है। इसे **“बकाया बिलिंग”** कहा जाता है। यह राशि समान सेवा के लिए नेटवर्क-अंतर्गत लागतों से संभवतया अधिक होगी और आपकी योजना की कटौती अथवा वार्षिक स्वयं-देय सीमा में सम्मिलित नहीं होगी।

“अप्रत्याशित बिलिंग” एक आकस्मिक बकाया बिल है। ऐसा तब हो सकता है जब आपकी परिचर्या में कौन शामिल होगा यह तय करना आपके लिए संभव नहीं हो – जैसे कि जब आप किसी आपात स्थिति में हो अथवा किसी नेटवर्क-अंतर्गत सुविधा में जाने के लिए आपने निर्धारित कर रखा हो परंतु अनापेक्षित रूप से किसी नेटवर्क-बाह्य प्रदाता से उपचार प्राप्त हुआ हो। अप्रत्याशित चिकित्सा बिलों में हजारों डॉलर की लागत आ सकती है जोकि प्रक्रिया अथवा सेवा पर निर्भर करेगा।

## आप निम्न के लिए बकाया बिलिंग से सुरक्षित हैं :

**आपात सेवाएं**
यदि आपकी कोई आपात चिकित्सा अवस्था है और आप किसी नेटवर्क-बाह्य प्रदाता अथवा सुविधा से आपात सेवाएं लेते हैं, वह अधिकतम आपसे आपकी योजना के नेटवर्क-अंतर्गत लागत-साझा राशि (जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा और कटौतियां) का भुगतान ले सकते हैं। इन आपात सेवाओं के लिए आपसे बकाया राशि **नहीं** ली जा सकती है। इसमें आपके संतुलित अवस्था में आने के पश्चात प्राप्त होने वाली सेवाएं शामिल हैं, अन्यथा कि आपने लिखित सहमति दी हो और संतुलित अवस्था में आने के पश्चात की इन सेवाओं के लिए बकाया बिल नहीं लगाए जाने संबंधी अपने संरक्षण का त्याग किया हो।

*कृपया कैलिफोर्निया के कानून के संबंध में जानकारी हेतु नीचे देखें।*

**अस्पताल अथवा औषधालय शल्यक्रिया केंद्र सहित किसी नेटवर्क-अंतर्गत सुविधा में कतिपय सेवाएं**
जब आप किसी अस्पताल अथवा औषधालय शल्यक्रिया केंद्र सहित किसी नेटवर्क-अंतर्गत सुविधा से सेवाएं लेते हैं, वहां कतिपय प्रदाता नेटवर्क-बाह्य भी हो सकते हैं। इन मामलों में, यह प्रदाता अधिक से अधिक आपसे आपकी योजना के नेटवर्क-अंतर्गत आने वाली लागत-साझा राशि का भुगतान ले सकते हैं। यह आपात औषधि, एनएसथीसिया, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, प्रयोगशाला, नेओनेटोलॉजी, सहायक शल्य चिकित्सक, अस्पताल संबंधी, अथवा गहन-परिचर्या सेवाओं पर लागू है। यह प्रदाता आपको बकाया बिल **नहीं** दे सकते हैं और **न** ही आपसे बकाया बिल नहीं लिए जाने संबंधी संरक्षण को त्यागने के लिए कह सकते हैं।
यदि आप इन नेटवर्क-अंतर्गत सुविधाओं पर अन्य प्रकार की सेवाएं लेते हैं, नेटवर्क-बाह्य प्रदाता आप से बकाया बिल **नहीं** ले सकते हैं, अन्यथा कि आपने लिखित में सहमति दी हो और अपनी संरक्षणों का त्याग किया हो।

**आपके लिए बकाया बिलिंग से संबंधित अपने संरक्षण को त्यागना कभी भी आवश्यक नहीं है। आपको नेटवर्क-बाह्य परिचर्या लेना भी आवश्यक नहीं है। आप अपनी योजना के नेटवर्क में किसी प्रदाता अथवा सुविधा को चुन सकते हैं।**

*कृपया कैलिफोर्निया के कानून के संबंध में जानकारी हेतु नीचे देखें।*

## बकाया बिलिंग की अनुमति न होने के साथ-साथ, आपको यह सुरक्षाएं भी प्राप्त हैं

- आप केवल लागत के अपने हिस्से का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार हैं (जैसे कि सह-भुगतान, सह- बीमा, और कटौती जो आप प्रदाता अथवा सुविधा के नेटवर्क-अंतर्गत होने पर भुगतान करेंगे)। आपकी स्वास्थ्य योजना नेटवर्क-बाह्य प्रदाताओं और सुविधाओं को सीधे किन्ही अतिरिक्त लागतों का भुगतान करेगी।

- सामान्यतः आपकी स्वास्थ्य योजना में अनिवार्य रूप से :
    - आपात सेवाएं शामिल होंगी जिनके लिए आपके द्वारा सेवाओं के लिए अग्रिम में अनुमोदन (जिसे "पूर्व अनुमति" भी कहा जाता है) लेना आवश्यक नहीं होगा।
    - नेटवर्क-बाह्य प्रदाताओं द्वारा दी गईं आपात सेवाएं शामिल होंगी।
    - उसके द्वारा नेटवर्क-अंतर्गत प्रदाता अथवा सुविधा को किए जाने वाले भुगतान पर आपके द्वारा प्रदाता अथवा सुविधा को दी जाने वाली राशि (लागत-साझा) आधारित होगी और इस राशि को आपके लाभ संबंधी स्पष्टीकरण में दर्शाया जाएगा।
    - आपात सेवाओं अथवा नेटवर्क-बाह्य सेवाओं के लिए आपके द्वारा भुगतान की गई किसी राशि को आपकी नेटवर्क-अंतर्गत कटौती और स्वयं-देय सीमा में शामिल करेगा।

**कैलिफोर्निया का कानून :** कैलिफोर्निया के कानून में सामान्यतः नो सरप्राइसेज ऐक्ट के अंतर्गत बकाया बिलिंग संरक्षणों के समान संरक्षण अंतर्विष्ट हैं (जैसा कि इस सूचना में स्पष्ट किया गया है), सिर्फ इसके अलावा कि बकाया बिलिंग प्रतिषेध, प्रयोगशालाओं अथवा रेडियोलॉजी इमेजिंग सेंटरों सहित अतिरिक्त नेटवर्क-अंतर्गत सुविधाओं में प्राप्त सेवाओं पर भी लागू हैं। कैलिफोर्निया में गलत बकाया बिलों की प्राप्ति के संबंध में आपके प्रदाता के साथ विवादों सहित दावों से संबंधित मुद्दों के निपटान के लिए एक स्वतंत्र विवाद निपटान प्रक्रिया भी है जिसे कैलिफोर्निया डिपार्ट्मन्ट ऑफ इन्श्योरेन्स के माध्यम से प्रारंभ किया जा सकता है।

हमारी सुविधा पर किसी सेवा के संबंध में **आपसे ली गई बिल की राशि के बारे में यदि आपको कोई आशंका है**, कृपया सहायता के लिए 925-947-3336 पर ग्राहक सेवा से संपर्क करें। आप HHS नो सरप्राइसेज हेल्पडेस्क से भी 1-800-985-3059 पर संपर्क कर सकते हैं। यह निकाय संघीय बकाया अथवा अप्रत्याशित बिलिंग संरक्षण कानूनों के प्रवर्तन के लिए उत्तरदायी है। संघीय कानून के अंतर्गत अपने अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.cms.gov/nosurprises/consumers पर देखिए।

**विवाद निपटान प्रक्रिया को प्रारंभ करने के तरीके सहित,** कैलिफोर्निया के कानून के अंतर्गत अपने अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए डिपार्टमेंट ऑफ इन्श्योरेन्स हेल्प सेंटर से http://www.insurance.ca.gov/01-consumers/101-help/index.cfm पर ऑनलाइन संपर्क करें अथवा 1-800-927-4357 पर कॉल करें। यह निकाय राज्य बकाया अथवा अप्रत्याशित बिलिंग संरक्षण कानूनों के प्रवर्तन के लिए उत्तरदायी है।

***

**यह सम्प्रेषण बिल नहीं है। आप अपनी स्वास्थ्य योजना से आपके द्वारा देय किसी नेटवर्क-अंतर्गत, लागत-साझा बाध्यताओं के बारे में सूचना प्राप्त होने तक अपने प्रदाता को कोई भुगतान करने के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।**